# बीएसएल को मिला ग्रीनटेक एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड के बोकारो स्टील प्लांट को 21वाँ वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## प्रमुख बिंदु

- बीएसएल को यह पुरस्कार महाबलीपुरम् में आयोजित '21वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण शिखर सम्मेलन' के दौरान प्रदान किया गया था।
- मुख्य महाप्रबंधक **(COBPP)** राकेश कुमार और एन.पी. श्रीवास्तव ने बीएसएल की ओर से महाबलीपुरम् में पुरस्कार प्राप्त किया।
- उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश के नेतृत्व में कचरे को धन में बदलने का अभियान चलाया है और पिछले कुछ वर्षों में कचरे के उचित उपयोग और इसके उपयोग से 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है।
- इस अवसर पर एन.पी. श्रीवास्तव को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये व्यक्तिगत श्रेणी में महाबलीपुरम् में ग्रीनटेक पर्यावरण नेता पुरस्कार भी मिला।
- ग्रीनटेक एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स स्थायी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में ज़िम्मेदार, नवीन प्रथाओं और पहल को मान्यता प्रदान करने के लिये प्रस्तुत किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/greentech-environment-and-sustainability-award